राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास एवं कार्यान्वयन न्यास
(एनआईसीडीआईटी)

वार्षिक रिपोर्ट
और
अंकेक्षित वित्तीय विवरण
(हिंदी तथा अंग्रेज़ी)

वित्तीय वर्ष 2018-19

NATIONAL INDUSTRIAL CORRIDOR DEVELOPMENT AND IMPLEMENTATION TRUST
(NICDIT)

INDEX

FINANCIAL YEAR 2018-19

S. No.	Particulars	Page No.
	Hindi	
1	Performa to be attached to O.M. forwarding papers to be laid on the table of both the houses of the Parliament.	1
2	Statement Explaining Reasons for Delay in Laying of Annual Report and Annual Accounts on the Table of both the Houses of Parliament	2 - 3
3	Annual Report	4 - 26
4	Separate Audit Report issued by the Comptroller and Auditor General of India certifying the Annual Account for the financial year 2018-19	27 - 31
5	Certified Annual Accounts for the financial year 2018-19	32-45
	English	
1	Performa to be attached to O.M. forwarding papers to be laid on the table of both the houses of the Parliament	46
2	Statement Explaining Reasons for Delay in Laying of Annual Report and Annual Accounts on the Table of both the Houses of Parliament	47
3	Annual Report	48 - 62
4	Separate Audit Report issued by the Comptroller and Auditor General of India certifying the Annual Account for the financial year 2018-19	63 - 67
5	Certified Annual Accounts for the financial year 2018-19	68 - 79

संगठन के संबंध में प्रासंगिक विवरण प्रस्तुत करने के लिए प्रपत्र ओ.एम नं. के पैरा 02 पर भेजा गया एल.ए.क़.इ.ए. एस -सी.बी.II067/18/2019-सी.बी.-II दिनांक 23.10.2019 लोकसभा सचिवालय

मंत्रालय का नाम: - वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

विभाग का नाम: उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डी.पी.आई.आई.टी)

संगठन का नाम: राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास एवं कार्यान्वयन न्यास

क्रम संख्या	विवरण	टिप्पणी		
1	कृपया निर्दिष्ट करें, क्या संगठन स्वायत्त / सांविधिक निकाय, संयुक्त उद्यम, निगम, सार्वजनिक उपक्रम, आदि है	न्यास		
2	संगठन की स्थापना का वर्ष	2012		
3	क्या संगठन संबंधित मंत्रालय / विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है	उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डी.पी.आई.आई.टी)		
4	संगठन को संचालित करने वाले अधिनियम / नियम / विनियम	न्यास विलेख तथा भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 तथा सामान्य वित्तीय नियम, 2017		
5	क्या उपरोक्त क्रम संख्या 4 में उल्लिखित अधिनियम / नियम / विनियमन में सदन के पटल पर संगठन की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखा रखने के प्रावधान हैं? (हाँ या नहीं में इंगित करे) (कृपया अधिनियम / नियम / विनियमन की एक प्रति संलग्न करें)	हाँ (सामान्य वित्तीय नियम, 2017 के नियम 237 संलग्न हैं)		
6	यदि क्रम संख्या 5 से ऊपर का उत्तर हां में है, तो इन रिपोर्टों को पटल पर रखने के लिए निर्धारित समय सीमा को इंगित करें।	31 दिसंबर		
7	क्या संबंधित मंत्रालय / विभाग से संगठन को वित्तीय सहायता (एक बार / आवर्ती / वार्षिक) प्राप्त हुई है।	वार्षिक		
8	क्या स्थापना के बाद से निरंतर, संगठन की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखा सदन के पटल पर रखे जा रहे हैं; (हाँ या नहीं में इंगित करे)	हाँ		
9	यदि ऊपर दिए गए क्रम संख्या 8 का उत्तर हां है, तो पिछले तीन वर्षों यानी 2015-16, 2016-17 और 2017-18 के लिए सदन के पटल पर अपेक्षित दस्तावेज रखने की तिथि (तारीखों) को इंगित करें।	वित्तीय वर्ष	लोकसभा	राज्यसभा
		2015-16	10.04.2017	05.04.2017
		2016-17	02.04.2018	28.03.2018
		2017-18	17.07.2019	26.07.2019
10	यदि क्रम संख्या 8 के ऊपर का उत्तर नहीं है; तो इसकी स्थापना के बाद से उन वर्षों का उल्लेख कारणों के साथ, जिनके लिए संगठन द्वारा अपेक्षित दस्तावेज नहीं रखे गए हैं, तथा वही, सदन के पटल पर कब तक रखे जाने की उम्मीद है।	लागू नहीं		

नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट

(पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड)

संसद के दोनों सदनों के सम्मुख प्रस्तुत होने वाले 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक रिपोर्ट एवं वार्षिक लेखों को प्रस्तुत करने में देरी के कारणों को स्पष्ट करने वाला विवरण:

नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड) की स्थापना ट्रस्ट डीड के निष्पादन के माध्यम से 27 सितंबर 2012,को की गई थी। ट्रस्ट डीड की शर्तों के अनुसार, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा एनआईसीडीआईटी के खातों की लेखा परीक्षा की जाएगी।

एनआईसीडीआईटी के वित्तीय वर्ष 2018-19 के अनुमोदित वार्षिक खातों को संकल्प की प्रति के साथ दिनांक 11 सितंबर, 2019 के पत्र द्वारा, लेखा परीक्षा करने के लिए सीएंडएजी कार्यालय में भेजा गया।

10.10.2019 से 18.10.2019 की अवधि के दौरान, सीएंडएजी कार्यालय द्वारा नियुक्त लेखा परीक्षा टीम द्वारा लेखा परीक्षा की गई। लेखा परीक्षा के दौरान और बाद में लेखा परीक्षा टीम को आवश्यक स्पष्टीकरण उपलब्ध कराए गए। लेखा परीक्षा टीम द्वारा जारी किए गए हाफ-मार्जिन (एचएम) पर प्रबंधन के जवाब 7 नवंबर, 2019 को पत्र द्वारा सीएंडएजी कार्यालय को भेजे गए। 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एनआईसीडीआईटी के वार्षिक खातों पर ड्राफ्ट सेपरेट ऑडिट रिपोर्ट (एसएआर) सीएंडएजी कार्यालय के पत्र संख्या पीडीसीए/एनडी/सीएचक्यू-II/27-17/2019-20/1143 दिनांक 19 दिसंबर, 2019 द्वारा जारी की गई थी। ड्राफ्ट एसएआर का जवाब सीएंडएजी कार्यालय को 10 जनवरी, 2020 को प्रेषित किया गया था।

चूंकि वित्त वर्ष 2018-19 के लिए एनआईसीडीआईटी की वार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक खातों को शीतकालीन सत्र के दौरान संसद की मेज पर नहीं रखा जा सका, इसलिए एनआईसीडीआईटी के पत्र दिनांक 20 नवंबर, 2019 के द्वारा समय बढ़ाने की मांग के लिए एक अनुरोध किया गया था जिसे बजट सत्र के दौरान दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए मंजूरी दे दी गई थी ।

सीएंडएजी द्वारा पृथक् ऑडिट रिपोर्ट (एसएआर) 13 मार्च, 2020 को प्राप्त हुई और आवश्यकतानुसार, संसद के पटल पर इसे रखने से पहले इसे एनआईसीडीआईटी के न्यासी बोर्ड के समक्ष रखा जाना आवश्यक है।

31 मार्च, 2020 को निर्धारित बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक कोविड महामारी और उसके बाद लॉकडाउन अवधि की शुरुआत के कारण आयोजित नहीं की जा सकी। अंत में, बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक 19 अगस्त, 2020 को आयोजित की जा सकी, जिसमें बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने सीएंडएजी द्वारा जारी पृथक् ऑडिट रिपोर्ट (एसएआर) पर विचार किया।

उपरोक्त कारणों के आधार पर, डीपीआईआईटी के माध्यम से समय बढ़ाने की मांग के लिए एक अनुरोध किया गया, जो अतिरिक्त निदेशक, राज्यसभा सचिवालय के ओ.म. दिनांक 1 जुलाई, 2020 द्वारा राज्य सभा के अगले (252) सत्र, 2020 तक प्रदान किया गया।

उपरोक्त कारणों के मद्देनजर, वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए एनआईसीडीआईटी के वार्षिक खातों को संसद के पटल पर नहीं रखा जा सका।

वार्षिक रिपोर्ट

(वित्तीय वर्ष 2018-19)

भारत सरकार के अनुमोदन के अनुसार दिनांक 15 सितंबर, 2011 को ट्रस्ट डीड के निष्पादन द्वारा दिनांक 27 सितंबर, 2012 को डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड निगमित किया गया था।

भारत सरकार ने दिनांक 22 दिसंबर, 2016 के आदेश द्वारा दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कोरिडोर प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड (डीएमआईसी-पीआईटीएफ) के अधिदेश और दायरे को विस्तारित करने तथा देश में औद्योगिक गलियारों के एकीकृत विकास के लिए इसे नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) के रूप में पुन: नामित करने के लिए अनुमोदन दिया। एनआईसीडीआईटी, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करेगा। सरकार ने निम्नलिखित संरचना के साथ एनआईसीडीआईटी के न्यासी मंडल संरचना के गठन को भी अनुमोदन दिया है:

1. सचिव, डीपीआईआईटी, अध्यक्ष;
2. सचिव, व्यय विभाग, सदस्य;
3. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, सदस्य;
4. सचिव, सड़क यातायात एवं राजमार्ग, सदस्य;
5. सचिव, जहाजरानी, सदस्य;
6. अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, सदस्य;
7. सीईओ, नीति आयोग, सदस्य; और
8. सीईओ, एनआईसीडीआईटी, सदस्य सचिव

एनआईसीडीआईटी की भूमिका तथा कार्य निम्नानुसार हैं:

क) औद्योगिक गलियारों के विकास के लिए एक सक्षम संस्थानिक, वित्तपोषण और परिचालनिक ढांचे को स्थापित करना;

ख) औद्योगिक गलियारों, नोडों, अर्ली बर्ड प्रोजेक्ट और स्टैंडअलोन प्रोजेक्टों के लिए विभिन्न राज्य सरकारों/ संघ शासित क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करना;

ग) सभी प्रोजेक्टों का मूल्यांकन करना और एसपीवी को इक्विटी अथवा ऋण अथवा दोनों और वित्तीय शक्तियों के अनुमोदित प्रत्यायोजन के अनुसार परियोजना विकास के लिए अनुदान की स्वीकृति;

घ) नॉलिज पार्टनर(रों), विशेष प्रयोज्य योजनाओं (एसपीवी) और राज्य सरकारों द्वारा औद्योगिक गलियारों में परियोजना विकास गतिविधियों को सहारा देना और उद्योगों के लिए प्रमुख निवेशकों की पहचान करने में राज्यों की सहायता करना;

ङ) आवश्यकता के अनुसार ऋण/इक्विटी जारी करना, भारत सरकार द्वारा उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाना;

च) पिछले अनुच्छेदों में उल्लेखित तौर-तरीकों को प्रभावी रूप देने के लिए, समय-समय पर आवश्यकता अनुसार, राज्य सरकारों/परियोजना विशेष योजनाओं/सार्वजनिक अथवा निजी संगठनों के साथ कार्य करना;

छ) विशेष रूप से पहचाने गए अर्ली बर्ड प्रोजेक्टों जिन्हें सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर विकसित किया जा सकता है, ऐसे प्रोजेक्टों के लिए राज्यों के मौजूदा तंत्र द्वारा भूमि अधिग्रहण के लिए धन उपलब्ध कराना। बहरहाल, शहर/नोड के लिए भूमि आवश्यक रूप से राज्य की इक्विटी होगी और राज्य द्वारा अधिगृहित की जाएगी और उनके द्वारा पूर्णत: भुगतान किया जाएगा।

एनआईसीडीआईटी का संस्थानिक ढांचा निम्नानुसार है:

क. एनआईसीडीआईटी का निदेशक मंडल प्रत्येक एसपीवी की अन्य बातों के साथ-साथ, भूमि अधिग्रहण और कार्य के वास्तविक निष्पादन की प्रगति को ध्यान में रखते हुए, ऋण और इक्विटी के इष्टतम मिश्रण, वित्तीय साधनों के विकल्प, निधियों की मात्रा, नियम एवं शर्तें और भारत सरकार द्वारा उपलब्ध अनुदान से भुगतान कार्यक्रम को अनुमोदित और स्वीकृति देगा।

ख. एनआईसीडीआईटी औद्योगिक गलियारों के विकास को सक्षम बनाने के लिए यथोचित अनुमोदनों को प्राप्त करने के पश्चात वित्तीय संस्थानों से दीर्घकालिक ऋण जुटाने और इसके अतिरिक्त, ऋण मुक्त बांड, कैपिटल गेन बांड, साख संवर्धन आदि जुटाने के लिए भारत सरकार के उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाएगी।

ग. एनआईसीडीआईटी भारत सरकार के अंशदान का परिक्रामी निधि के रूप में उपयोग करेगा। भारत सरकार द्वारा एसपीवी में किया गया निवेश एनआईसीडीआईटी के माध्यम से होगा ताकि भारत सरकार द्वारा दिए गए अनुदानों का प्रयोग कर डीएमआईसीडीसी द्वारा अभी तक विकसित एसपीवी सहित एसपीवी के सभी ऋण भुगतान और एसपीवी से इक्विटी विनिवेश की प्रक्रिया से प्राप्त धन को परिक्रामी निधि में पुन: लगाया जाए, जो एनआईसीडीआईटी को भविष्य में इस प्रकार के औद्योगिक गलियारे विकसित करने में सक्षम बनाएगा। नोडल/सिटी लेवल एसपीवी भारत सरकार/राज्य सरकारों से उचित गारंटियों द्वारा साख संवर्धन के माध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण जुटा सके, ताकि यह बीमा और पेंशन निधियों द्वारा निवेश के लिए अर्थक्षम हो। नोडल/सिटी लेवल एसपीवी को नवप्रवर्तन अवसंरचना वित्तपोषण शामिल करने और यूजर फी फंडिंग, मूल्य नवप्रवर्तन और विभिन्न पीपीपी व्यवस्थाओं द्वारा भुगतान जैसे भुगतान साधनों की आवश्यकता होगी। राज्य सरकार/एस पी वी द्वारा ऋण के रूप में उठाए गए धन या अन्यथा को भी राज्य की और से योगदान गिना जायेगा ।

घ. पीपीपी परियोजनाओं को वित्तीय समर्थन देने, उन्हें मूर्त रूप देने, मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए केंद्रीय क्षेत्र अवसंरचना प्रोजेक्टों के अनुसार प्रचलित दिशा-निदेशों का अनुपालन किया जाएगा। इस प्रकार की परियोजनाएं प्रचलित नीति के अनुसार वॉयाबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) की पात्र होंगी। सचिव, डीआईपीपी और सदस्य-सचिव, एनआईसीडीआईटी औद्योगिक गलियारा परियोजनाओं हेतु सार्वजनिक-निजी भागीदारी अनुमोदन समिति (पीपीपीएसी) के सदस्य होंगे। मास्टर प्लान/विकास योजना के अनुसार समन्वित विकास सुनिश्चित करने के संबंध में औद्योगिक गलियारों में वीजीएफ के लिए सभी प्रस्तावों को एनआईसीडीआईटी द्वारा जांचा और अनुशंसित किया जाएगा।

ङ. प्रत्येक इंडस्ट्रियल सिटी/नोड को भारत सरकार से औसतन 2500 करोड़ रुपए का समर्थन दिया जाएगा जो भौगोलिक स्थान, आकार, राज्य के योगदान और विकासात्मक आवश्यकताओं पर निर्भर करते हुए अधिकतम 3000 करोड़ रुपए होगा। प्रत्येक शहर/नोड के लिए वास्तविक आवश्यकता भिन्न-भिन्न हो सकती है, जो भूमि की लागत और

अवसंरचना विकास तथा भूमि प्रापण/लैंड पूलिंग के लिए धन जुटाने की राज्य सरकार की क्षमता पर निर्भर करता है। राज्य सरकार का योगदान भूमि अथवा द्विपक्षीय/बहुपक्षीय वित्तपोषण सहित किसी भी स्रोत से उसके द्वारा जुटाए गए धन के रूप में होगा। यद्यपि गैर-पीपीपी परियोजनाओं के लिए प्रति शहर कुल आवश्यकता बहुत अधिक हो सकती है और यह शहर प्रति शहर भिन्न होगी, भारत सरकार से मांगी जा रही उपरोक्त उल्लेखित धनराशि इन शहरों/नोडों में विकास के प्रथम चरण को शुरू करने के लिए है। बाद में, धनराशि आंतरिक मुद्रीकरण द्वारा जुटाई जाएगी।

शक्तियों का प्रत्यायोजन

एनआईसीडीआईटी अपने सम्मुख प्रस्तुत सभी गैर-पीपीपी परियोजनाओं के प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगी। एनआईसीडीआईटी बोर्ड किए गए मूल्यांकन के आधार पर, यह 300 करोड़ रुपए तक की मूल्यांकित परियोजनाओं का अनुमोदन देगा। 300 करोड़ रुपए से अधिक और 500 करोड़ तक की मूल्यांकित परियोजनाओं के मामले में प्रभारी मंत्री का अनुमोदन प्राप्त करना होगा। 500 करोड़ रुपए से अधिक लेकिन 1000 करोड़ रुपए तक के प्रस्तावों को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रभारी मंत्री और वित्त मंत्री द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। 1000 करोड़ रुपए से से अधिक सभी प्रस्तावों को अनुमोदन हेतु आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

वर्ष 2018-19 के दौरान, न्यास मंडल की बैठक आयोजित नहीं की जा सकी है।

डीएमआईसी नोड की योजना और उनकी अपनाई गई संधारणीयता विशेषताएं:

विकसित किए जा रहे डीएमआईसी नोड्स एक लंबे समय तक चलने वाले दृष्टिकोण को अपनाते है जो खुले हरित क्षेत्रों, पब्लिक ट्रांजिट और ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी), नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग को प्रोत्साहन देना, पारंपरिक ऊर्जा के प्रयोग को न्यूनतम करना, जल संरक्षण को ईष्टतमीकरण और पुन:चक्रण करना, ठोस अपशिष्ट सामग्रियों को एकत्रित करना और पुन:चक्रित करना सहित लो कार्बन सिटी (एलसीसी) विकसित करने के लिए आधारभूत कार्य का निर्माण करते हैं। महत्वपूर्ण अवसंरचना की प्रमुख विशेषताएं जो सभी नोड्स में अपनायी जाती है, निम्नलिखित है:-

क) सभी सुविधाओं को भूमिगत बनाए जाने की योजना है जिससे भूमि का बेहतर उपयोग हो सकेगा। वे परिवहन मार्ग से बाहर भी है ताकि अनुरक्षण और अन्य कार्यों के दौरान मुख्य परिवहन मार्ग प्रभावित न हो।

ख) बस स्टेशनों को पैदल चल कर पहुंचने वाली 400 मी दूरी पर बनाया जाएगा। पहुंच बढ़ाने के लिए बेहतर अंतिम छोर संपर्कता विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। यातायात पर प्रभाव को कम करने के लिए बस बे/ बस स्टॉप के लिए प्रावधान।

ग) अपशिष्ट जल को एसटीपी और सीईटीपी से एकत्रित और पुन:चक्रित किया जाएगा और इसे न पीने के उद्देश्य से शहर में पुन: वितरित किया जाएगा। किसी भी ओवरफ्लो से बचने और कुशलता बनाए रखने के लिए स्काडा प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। स्थायी उपाय के लिए जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) को अपनाना। औद्योगिक और रिहायशी लाइनों के लिए पृथक-पृथक सीवर लाइनें।

घ) सिटी लेवल पर वर्षा जल संग्रहित कर जल संरक्षण अपनाया गया है। उदाहरण के लिए धौलेरा में 2500 मिलियन लिटर क्षमता से अधिक वाले 100 मीटर चौड़े चैनल को वर्षा जल संग्रहण, पार्कों और बगीचों की सिंचाई के साथ-साथ न पीने के उद्देश्य से उपयोग किया जाएगा।

ङ) ग्रीनफील्ड सिटी की संपूर्ण अवसंरचना योजना वास्तविक समय पर सूचना और इसे प्रभावी रूप से परिचालित एवं प्रबंधित करने के लिए स्काडा, सेंसरों और ऑटोमेशन के साथ तैयार की गई है। यह इंटलीजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट, ई-गवर्नेंस, डिजीटल हेल्थ एंड एजुकेशन, इमरजेंसी और सिटी ऑपरेशन को सुविधाजनक बनाएगा।

च) खुले हरित क्षेत्रों के लिए वर्गीकरण अनुक्रम द्वारा हरित क्षेत्रों की योजना जो निम्नानुसार है:

i. पांच मिनट पैदल की दूरी पर नज़दीकी पार्क;
ii. दस मिनट की पैदल दूरी पर सामुदायिक पार्क
iii. शहर के भीतर स्टोर्म वाटर केनाल के साथ लाइनर पार्क।

छ) सार्वजनिक परिवहन माध्यमों और गैर-मोटरीकृत माध्यमों से साथ एकीकृत सुरक्षित और स्थायी मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम।

ज) सामाजिक अवसंरचना के साथ क्लस्टर में पार्किंग सुविधाओं वाली प्रमुख ट्रांजिट इंटरचेंजों पर नियोजित इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन।

झ) सभी झीलों को बेहतर बनाया जा रहा है और पानी की धारणीयता को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त नहरों की योजना है और रहने वालों के लिए मनोरंजन क्षेत्र उपलब्ध कराना।

ञ) घूमने और प्रदूषण घटाने के लिए चौड़े साइडवाक और साइकिल ट्रैक।

ट) सभी प्लॉटों और परिसंपत्तियों को देखने के लिए व्यापक वेब आधारित जीआईएस ऐप्लिकेशन। सूचना प्राप्त करने, भूमि के लिए आवेदन और आबंटन के लिए अपने आवेदन को देखने के लिए निवेशकों हेतु व्यापक ऑनलाइन भूमि प्रबंधन प्रणाली।

व्यापार और परिचालन की समग्र समीक्षा

परियोजनाओं की प्रगति की मुख्य विशेषताएं एक नजर में निम्नानुसार है:

1. डीएमआईसी प्रोजेक्ट के मामले में, निम्न चार स्थानों पर महत्वपूर्ण अवसंरचना की निर्माण संबंधी गतिविधियां जोरों पर है:

    - गुजरात में 22.5 वर्ग किमी माप का धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन के लिए सक्रियण क्षेत्र;
    - महाराष्ट्र में 18.55 वर्ग किमी क्षेत्र वाला शेंद्रा बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया का चरण-1;
    - ग्रेटर नौएडा, उत्तर प्रदेश में 747.5 एकड़ क्षेत्र वाला इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप प्रोजेक्ट;
    - उज्जैन, मध्य प्रदेश में लगभग 1100 एकड़ क्षेत्र में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप प्रोजेक्ट

2. भूमि आबंटन नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है। गुजरात के धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन में 2 प्लॉट, उत्तर प्रदेश में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप में 4 प्लॉट, मध्य प्रदेश में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप विक्रमउद्योगपुरी में 1 प्लॉट और महाराष्ट्र में शेंद्रा बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया में 56 प्लॉट आबंटित किए गए हैं;

3. आंध्र प्रदेश में कृष्णपटनम नोड और कर्नाटक में तुमकुरू नोड के लिए शेयरहोल्डर एग्रीमेंट (एसएचए) और स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) को निष्पादित किया गया है और प्रोजेक्ट एसपीवी को भी निगमित किया गया है:

4. उपरोक्त उल्लेखित परियोजनाओं के अतिरिक्त, निम्न परियोजनाओं के लिए भी परियोजना विकासात्मक गतिविधियां भी की जा रही है:

- हरियाणा में गुड़गांव से बावल तक और गुजरात में अहमदाबाद से धोलेरा तक मास रैपिड ट्रांजित सिस्टम (एमआरटीएस) प्रोजेक्ट;
- हरियाणा में नांगल चौधरी में इंटीग्रेटेड मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब (आईएमएलएच) प्रोजेक्ट;
- हरियाणा में ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट;
- दादरी, उत्तर प्रदेश में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) और मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच);
- गुजरात के सानंद में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क;
- गुजरात के धौलेरा में ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट;
- राजस्थान में एरोट्रोपोलिस प्रोजेक्ट।

डीएमआईसी प्रोजेक्टों की राज्य-वार प्रगति निम्नानुसार है:

गुजरात

धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (डीएसआईआर):

- विभिन्न महत्वपूर्ण अवसंरचना के लिए प्रारंभिक इंजीनियरिंग कार्य पूरे हो गए है;
- सभी डाऊनस्ट्रीम गतिविधियों को समन्वित कर प्रोग्राम मैनेजर कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियां कर रही है;
- "धौलेरा इंडस्ट्रियल सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड" नामक एसपीवी निगमित किया गया है। राज्य सरकार ने एसपीवी को 2245.08 हेक्टेयर भूमि अंतरित की है और नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) [पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड (डीएमआईसी ट्रस्ट)] द्वारा 1294.23 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी जारी कर दी है;
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन के लिए पर्यावरण संबंधी क्लीयरेंस प्रदान की है;
- आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने पांच पैकेजों में बंटे 2784.82 करोड़ रुपए वाले विभिन्न अवसंरचना घटकों के लिए निविदा पैकेज को अनुमोदित कर दिया है, जिनमें से प्रत्येक की स्थिति निम्नानुसार है:-

- सड़क और सेवा अनुबंध (1734 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। एलएंडटी चुना गया बोलीदाता है और कार्य प्रगति पर है; जुलाई, 2019 तक भौतिक प्रगति - 74.67%;
- बीईसी बिल्डिंग अनुबंध (72.31 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। क्यूब कन्सट्रक्शन इंजीनियरिंग लिमिटेड चुना गया बोलीदाता है और कार्य पूरा हो गया है;
- जल शोधन संयंत्र अनुबंध (90 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। एसपीएमएल चुना गया बोलीदाता है और कार्य प्रगति पर है; जुलाई, 2019 तक भौतिक प्रगति – 65.00%;
- मलजल उपचार संयंत्र अनुबंध (54 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। एलएंडटी चुना गया बोलीदाता है और कार्य प्रगति पर है; जुलाई, 2019 तक भौतिक प्रगति – 47.66%;
- सेंट्रल एफ्फलुएंट ट्रीटमैंट प्लांट (160 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। एलएंडटी चुना गया बोलीदाता है और कार्य प्रगति पर है; जुलाई, 2019 तक भौतिक प्रगति – 24.11%;

- आईसीटी परामर्शदाताओं को नियुक्त किया गया है और मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर (एमएसआई) के चयन की प्रक्रिया प्रगति पर है;
- भूमि आबंटन नीति को अंतिम रूप दिया गया है और प्रमुख निवेशक के रूप में टाटा केमिकल्स (126 एकड़) को 152.71 माप वाले 03 प्लॉट आबंटित किए गए हैं।
- जागरूकता जगाने और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रोड शो और राऊंड टेबल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

<u>सानंद, गुजरात में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) (500 एकड़):</u>

- परियोजना परामर्शदाताओं द्वारा तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन को अंतिम रूप दिया जा रहा है;
- प्रस्तावित परियोजना के लिए संपर्कता योजना तैयार कर ली गई है और इसे समीक्षा तथा अनुमोदन हेतु राज्य सरकार, डीएफसीसीआईएल और रेल मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया है;
- भूमि राज्य सरकार के अधिकार में है;

- राज्य सरकार ने एसपीवी निर्माण के लिए शेयर होल्डर एग्रीमेंट पर सहमति दे दी है और इसे विचारार्थ एनआईसीडीआईटी को प्रस्तुत किया गया है।

<u>अहमदाबाद और धौलेरा, गुजरात के बीच एमआरटीएस:</u>

- एमआरटीएस के लिए डीपीआर तैयार हो गई है और राज्य सरकार ने अनुमोदित कर दी है;
- परियोजना को डीएमआईसी प्रोजेक्ट के लिए जीका रोलिंग प्लान में शामिल किया गया है;
- एमआरटीएस प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट के आरओडब्ल्यू के भाग के रूप में शुरू किया जाएगा। एनएचएआई के नियुक्त परामर्शदाता द्वारा अहमदाबाद और धौलेरा के बीच एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है।
- एनएचएआई ने संपूर्ण स्ट्रेच हेतु एक्सप्रेसवे के लिए चार पैकेजों में निर्माण के लिए निविदा जारी कर दी है।

<u>धोलेरा, गुजरात में ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट:</u>

- ट्रांजेक्शन एडवाइजर के रूप में नियुक्त मैसर्स पीडब्ल्यूसी के कॉन्सॉर्टियम को नियुक्त किया गया है;
- धोलेरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरण संबंधी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। नागरिक उड्यन मंत्रालय ने परियोजना के लिए " सिद्धांतिक" स्वीकृति दे दी है;
- गुजरात राज्य सरकार ने 30 वर्ष, जिसे बाद में आपसी सहमति से आगे 30 और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है, उसके लिए प्रति वर्ष 1 रुपए की लीज किराए पर 1426 हेक्टयर भूमि उपलब्ध कराने पर सहमत हो गई है;
- एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के निदेशक मंडल ने डीपीआर और परियोजना में 51 प्रतिशत इक्विटी को अनुमोदन दे दिया है;
- एएआई, गुजरात राज्य सरकार और एनआईसीडीआईटी के बीच दिनांक 25.03.2019 को शेयरहोल्डर एग्रीमेंट हस्ताक्षरित किया गया;
- एनआईसीडीआईटी ने अपनी इक्विटी (16 प्रतिशत) के रूप में 19.85 करोड़ रुपए जारी किए है

भीमनाथ धोलेरा रेल लाइन प्रोजेक्ट, गुजरात:

- दिनांक 06 सितंबर, 2017 को आयोजित बैठक के दौरान पश्चिम रेलवे द्वारा अंतिम रुप दिए गए अनुसार परियोजना की अनुमानित लागत को एसपीवी-डीआईसीडीएल निदेशक मंडल ने अनुमोदन दे दिया है।
- परियोजना को रेल मंत्रालय के गैर-सरकारी रेलवे (एनजीआर) मॉडल के लिए डीआईसीडीएल द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। प्रोजेक्ट को एनआईसीडीआईटी और गुजरात सरकार के बीच एक संयुक्त उपक्रम के रूप में कार्यान्वित किया जाएगा और परियोजना की लागत 100 प्रतिशत इक्विटी के रूप में वित्तपोषित किया जाएगा;
- परामर्शदाता द्वारा ड्राफ्ट डीपीआर को प्रस्तुत किया गया है। डीएसआईआर परियोजना के क्षेत्र के बाहर भूमि अधिग्रहण को अंतिम रूप दे दिया गया है। डीएसआईआरडीए द्वारा भूमि अधिग्रहण शुरू हो गया है।

महाराष्ट्र

शेंद्रा बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया (एसबीआईए):

- एसबीआईए (8.39 वर्ग किमी) के चरण-1 के प्रारंभिक इंजीनियरिंग कार्य पूरे हो गए है;
- सभी डाऊनस्ट्रीम गतिविधियों को समन्वित कर प्रोग्राम मैनेजर कार्यान्वयन संबंधित गतिविधियों को कर रहे हैं;
- "औरंगाबाद इंडस्ट्रियल टाऊनशिप लिमिटेड" (एआईटीएल) नामक नोड /सिटी लेवल एसपीवी निगमित किया गया है। राज्य सरकार ने एसपीवी को 8.39 वर्ग किमी भूमि अंतरित कर दी है और एनआईसीडीआईटी (पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड (डीएमआईसी ट्रस्ट)) द्वारा 602.80 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी भी जारी कर दी गई है;
- शेन्द्रा-बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पर्यावरण क्लीयरेंस दे दी है;
- शेन्द्रा इंडस्ट्रियल एरिया के लिए आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने 1533 करोड़ रुपए वाले विभिन्न अवसंरचना घटकों के लिए निविदा पैकेज को अनुमोदित कर दिया है। विभिन्न पैकेजों में से प्रत्येक की स्थिति निम्नानुसार है:-

- सड़क, नालियों, पुलियों, जल आपूर्ति, मलजल एवं उर्जा प्रणाली के लिए ईपीसी दे दिया गया है (656.89 करोड़ रुपए)। शापूरजी पल्लोनजी चुने गए ठेकेदार है। जुलाई, 2019 तक भौतिक प्रगति - 87.54%;
- ऊपरी सड़क पुल निर्माण के लिए ईपीसी (69.45 करोड़ रुपए) दे दिया गया है। पाटिल कन्सट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड चुने गए ठेकेदार है। जुलाई, 2019 तक भौतिक प्रगति - 78.62%;
- जिला प्रशासन भवन के लिए ईपीसी (129 करोड़ रुपए) दे दिया गया है। शापूरजी पल्लोनजी चुने गए ठेकेदार है। कार्य पूरा हो गया है और भवन प्रयोग में है;
- मलजल उपचार संयंत्र (एसटीपी), सामान्य एफ्फुलेएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) एवं ठोस कचरा प्रबंधन के लिए ईपीसी (72.52 करोड़ रुपए) दे दिया गया है। पस्सवंट एनर्जी चुने गए ठेकेदार है। जुलाई, 2019 तक भौतिक प्रगति - 34.07%;
- लैंडस्केपिंग और जल सिंचाई कार्यों के लिए ईपीसी (112 करोड़ रुपए) दे दिया गया है, शापूरजी पल्लोनजी चुने गए ठेकेदार है। जुलाई, 2019 तक भौतिक प्रगति - 20.00%;
- इंर्फोमेशन एंड कॉम्न्यूनिकेशन टेक्नोलोजी (आईसीटी) मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर (एमएसआई) कार्यों हेतु ईपीसी (142 करोड़ रुपए) दे दिया गया है, हनीवेल चुना गया एजेंसी है। जुलाई, 2019 तक भौतिक प्रगति - 72.45%;

- भूमि आबंटन नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है और शेन्द्रा इंडस्ट्रियल एरिया में उद्योगों सहित 56 प्लॉट आबंटित किए गए हैं। शेन्द्रा इंडस्ट्रियल एिरया में प्रथम प्रमुख निवेशक ह्योसंग कॉर्पोरेशन है (भूमि आबंटित -100 एकड़);
- बिडकिन के लिए परियोजना विकासात्मक गतिविधियां शुरू की जा रही है और 6414.21 करोड़ रुपए कीमत वाले महत्वपूर्ण अवसंरचना पैकेजों को नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) [पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड (डीएमआईसी ट्रस्ट) और बाद में आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति द्वारा अनुमोदन दे दिया गया है;
    - राज्य सरकार ने बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया के लिए प्रोजेक्ट एसपीवी को 1376.81 हेक्टेयर भूमि अंतरित की है और 1149.90 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी जारी हो गई है;

- एलएंडटी को चरण-I अर्थात 10.16 वर्ग किमी में सड़क, भूमिगत सुविधाओं के लिए ईपीसी ठेकेदार (1223 करोड़ रुपए) नियुक्त किया गया है और कार्यान्यवन संबंधी गतिविधियां प्रगति पर है। जुलाई, 2019 तक भौतिक प्रगति - 87.10%
- आईसीटी मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर (एमएसआई) कार्य (142 करोड़ रुपए) के लिए केईसी को नियुक्त किया गया है। जुलाई, 2019 तक भौतिक प्रगति - 9.00%.

दीघी पोर्ट इंडस्ट्रियल एरिया, महाराष्ट्र:

- राज्य सरकार ने चरण-1 अर्थात 3000 हेक्टेयर भूमि अधिगृहीत कर ली है।
- मैसर्स एजिस को विस्तृत मास्टर प्लालिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियां करने के लिए नियुक्त किया गया है।

मध्य प्रदेश

पीथमपुर धार महो इन्वेस्टमेंट रीजन:

नोड/सिटी लेवल के लिए नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) और मध्य प्रदेश राज्य सरकार/ एमपीटीआरआईएफएसी के बीच स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) और शेयरहोल्डर एग्रीमेंट (एसएचए) निष्पादित किया गया है।

इंटीग्रेटिड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप 'विक्रम उद्योगपुरी' प्रोजेक्ट उज्जैन:

- प्रोजेक्ट एसपीवी को 1100 एकड़ भूमि अंतरित की गई है और नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) द्वारा 55.93 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी जारी की गई है;
- प्रोजेक्ट की जल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नर्मदा वैली डेवलपमेंट ऑथोरिटी और विक्रम उद्योगपुरी लिमिटेड के बीच उज्जियनी से इंडस्ट्रियल एरिया विक्रम उद्योगपुरी लिमिटेड, उज्जैन तक पाइप से जल आपूर्ति के लिए करार किया गया है।
- एईकॉम, प्रोग्राम मैनेजमेंट कन्सलटेंट निर्माण संबंधी गतिविधियों का पर्यवेक्षण कर रहा है;

- एसपीएमएल और ओम मेटल्स का कन्सॉर्टियम, ईपीसी कांट्रेक्टर, विभिन्न महत्वपूर्ण अवसंरचना घटकों का कार्यान्वयन कर रहा है। जुलाई, 2019 तक भौतिक प्रगति - 93.00%;
- भूमि आबंटन नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है और अमूल को 12 एकड़ माप वाला एक प्लाट आबंटित किया गया है। कुल प्रतिबद्ध निवेश 200 करोड़ रुपए है;
- जागरूकता निर्माण और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रोड शो और राऊंड टेबल सम्मलेन को आयोजित किया गया है।

पीथमपुर इंडस्ट्रियल एरिया के लिए जल आपूर्ति योजना:

- राज्य सरकार और नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) के बीच डीएमआईसी पीथमपुर जल प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (डीएमआईसी पीजेपीसीएल) नामक एसपीवी निगमित किया गया है;
- 306.55 करोड़ रुपए की परियोजना लागत अनुमोदित की गई है और ट्रस्ट द्वारा 17.15 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी जारी की गई है।
- 219 करोड़ रुपए के कार्य हेतु ईपीसी कांट्रेक्टर के रूप में एलएंडटी को चुना गया है और कार्य पूरा हो गया है।
- डीएमआईसी पीथमपुर जल प्रबंधन लिमिटेड में एनआईसीडीआईटी की 49% इक्विटी शेयर होल्डिंग अधिगृहीत करने के लिए मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को एनआईसीडीआईटी ने अनुमोदन दे दिया है।

हरियाणा

नांगल चौधरी में इंटिग्रेटिड मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब (आईएमएलएच):

- प्रोजेक्ट के लिए महेंद्रगढ़ जिला में लगभग 886 एकड़ भूमि को चिह्नित किया गया है;
- नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) और हरियाणा राज्य सरकार के बीच प्रोजेक्ट एसपीवी को निगमित किया गया है;
- राज्य सरकार द्वारा प्रोजेक्ट के लिए मास्टर प्लान योजना को अनुमोदन दे दिया है;

- सीसीईए ने चरण I विकसित करने के लिए 1029.49 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति और परियोजना के चरण II विकसित किए जाने की "सैद्धांतिक सहमति" के साथ प्रोजेक्ट को अनुमोदित कर दिया है;
- राज्य सरकार ने कुल भूमि में से 639 एकड़ भूमि अंतरित कर दी है और एनआईसीडीआईटी द्वारा 191.67 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी जारी कर दी गई है;
- राज्य पर्यावरण मूल्यांकन समिति (एसईएसी) ने पर्यावरण क्लीयरेंस हेतु प्रोजेक्ट को स्टेट एनवॉयरनमेंट इम्पेक्ट एसेसमेंट ऑथोरिटी (एसईआईएए) को भेजने की अनुशंसा की है।
- राज्य सरकार शेष बची हुई भूमि के अधिग्रहण के लिए कार्य कर रही है।
- परियोजना को एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बोर्ड से एनआईसीडीआईटी को ऋण वित्तपोषण के लिए रखा गया है ।

<u>मास रेपिड ट्रांजिट सिस्टम (एमआरटीएस) प्रोजेक्ट:</u>

- राज्य सरकार ने अंतिम डीपीआर को अनुमोदित कर दिया है;
- नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) और हरियाणा सरकार के बीच प्रोजेक्ट एसपीवी निगमित किया गया है;
- भूमि राज्य सरकार के अधिकार में है;
- प्रोजेक्ट को डीएमआईसी प्रोजेक्ट के लिए जीका स्पेशल रोलिंग प्लान में शामिल किया गया है।

<u>उत्तर प्रदेश</u>

<u>ग्रेटर नोएडा में इंटीग्रेटिड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप प्रोजेक्ट:</u>

- प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियां पूरी हो गई है और "इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड" नामक एसपीवी को निगमित किया गया है;
- प्रोजेक्ट एसपीवी को 747.5 एकड़ भूमि अंतरित की गई है और नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) द्वारा भी 617.20 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी जारी की गई;

- शपूरजी पल्लोंजी को 426 करोड़ रुपए के विभिन्न प्रमुख अवसरंचना घटकों को कार्यान्वित करने के लिए ईपीसी कांट्रेक्टर नियुक्त किया गया है और कार्य प्रगति पर है। जुलाई, 2019 तक कार्य की भौतिक प्रगति – 97.00%
- जनवरी, 2018 में सीमंस को साइट के भीतर 121 करोड़ रुपए के उर्जा वितरण कार्य करने के लिए ईपीसी कांट्रेक्टर नियुक्त किया गया है। जुलाई, 2019 तक कार्य की भौतिक प्रगति - 72.00%;
- भूमि आबंटन नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है और प्रमुख निवेशक के रूप में हायर (123.4 एकड़) सहित चार आवेदकों को 152 एकड़ भूमि आबंटित की गई है;
- रोड शो और राऊंड टेबल कान्फ्रेंस आयोजित की गई थी।

<u>दादरी में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) और ग्रेटर नोएडा के बोरकी में मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच):</u>

- इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप प्रोजेक्ट के लिए एसपीवी एमएमएलएच के साथ-साथ एमएमटीएच प्रोजेक्टों को भी कार्यान्वित करेगा;
- विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है;
- डीएफसीसीआईएल के साथ भी चर्चा शुरू हो गई है ताकि साइट को पश्चिमी और पूर्वी समर्पित माल यातायात गलियारे से संपर्कता उपलब्ध हो सके;
- भारतीय रेल द्वारा समझौता ज्ञापन को अनुमोदित कर दिया गया है और शीघ्र ही निष्पादित किया जाएगा;
- एनआईसीडीआईटी द्वारा अपनी पिछली बैठक में प्रोजेक्ट पर विचार किया गया था और इसे भूमि सहित 4034 करोड़ की लागत पर 80 प्रतिशत भूमि उपलब्धता के अध्यधीन अनुमोदित किया गया था;
- राज्य सरकार ने सूचित किया है कि 80 प्रतिशत भूमि उनके कब्जे में है और तदनुसार प्रोजेक्ट प्रस्ताव को एनआईसीडीआईटी की सिफारिश के लिए प्रस्तुत किया गया है;
- परियोजना को एशियन इंफ्रास्टक्चर इन्वेस्टमेंट बोर्ड (एआईआईबी) से एनआईसीडीआईटी को ऋण वित्तपोषण के लिए रखा गया है।

राजस्थान

खुशखेड़ा भिवाड़ी नीमराणा इन्वेस्टमेंट रीजन, राजस्थान:

- मास्टर प्लान को अधिसूचित किया गया है;
- राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू हो गई है;
- एसएचए एवं एसएसए के निष्पादन को सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा राजस्थान स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट अधिसूचित किया गया है;

राजस्थान में ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट:

- नागर विमानन मंत्रालय द्वारा साइट क्लीयरेंस दे दी गई है;
- एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की गई है।
- प्रस्तावित भिवाड़ी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जिला अलवर, राजस्थान के लिए ईआईए स्टडी करने के लिए विचारार्थ विषयों को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दिनांक 17 अगस्त, 2017 के पत्र द्वारा जारी किया गया है। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 12 सितंबर, 2018 को जन सुनवाई की थी। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने दिनांक 17.01.2019 को अपनी बैठक आयोजित की और प्रोजेक्ट के लिए पर्यावरण क्लीयरेंस देने के लिए आवेदन की समीक्षा की;
- एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने अपनी अंतिम डीपीआर प्रस्तुत की और राज्य सरकार द्वारा इसकी समीक्षा की जा रही है।

जोधपुर पाली मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया (जेपीएमआईए):

- मास्टर प्लान अधिसूचित कर दिया गया है;
- राज्य सरकार को भूमि अधिग्रहण तेज करने के लिए अनुरोध किया गया है।
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राजस्थान में जोधपुर पाली मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया (जेपीएमआईए) प्रोजेक्ट के लिए पर्यावरण क्लीयरेंस दे दी है।

स्मार्ट कम्यूनिटी प्रोजेक्ट:

क) मॉडल सोलर प्रोजेक्ट, नीमराणा, राजस्थान:

- 03 सितंबर, 2015 को 05 मैगावाट सोलर पॉवर प्लांट शुरू किया गया है। एनवीवीएन लिमिटेड के साथ पॉवर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) के अनुसार 8.77/- रुपए प्रति यूनिट के निर्धारित टैरिफ पर स्टेट ग्रिड (अर्थात 220 केवी जीएसएस नीमराणा) को भेजी जा रही है।
- 17 मई, 2016 से 10 वर्षों के लिए 11.99/- रुपए प्रति यूनिट के निश्चित टैरिफ के आधार पर एमआईकेयूएनआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ 01 मैगावाट माइक्रो ग्रिड सोलर पॉवर प्लांट के लिए पॉवर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) निष्पादित किया गया है।
- 10 जुलाई, 2017 से एमआईकेयूएनआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को उच्च गुणवत्ता, स्थिर और नवीकरणीय योग्य हरित उर्जा भेजने के लिए 01 मैगावाट माइक्रो ग्रिड सोलर पॉवर प्रोजेक्ट से उर्जा उत्पादन शुरू हो गया है।

ख) लॉजिस्टिक डाटा बैंक प्रोजेक्ट:

- 01 जुलाई, 2016 से जेएनपीटी पोर्ट पर परिचालन और 01 अप्रैल, 2018 से जेएनपीटी पोर्ट पर भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल नामक नया पोर्ट टर्मिनल की शुरूआत;
- 01 मई, 2017 से गुजरात में एपीएसईजेड मुंद्रा (अडानी पोर्ट स्पेशल इकोनोमिक जोन) एवं एएचपीपीएल हजीरा (अडानी हजीरा पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड) पर सभी कंटेनर टर्मिनलों ने सफलतापूर्वक परिचालन शुरू कर दिया है;
- 20 अगस्त, 2019 तक 18 मिलियन से अधिक कंटेनरों को टैग्गड/डी-टैग्गड किया गया है;
- पूरे भारत में एलडीबी सेवाओं के विस्तार हेतु तूतीकोरिन पोर्ट ट्रस्ट, विशाखापट्नम पोर्ट ट्रस्ट, चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट, मोर्मुगांव पोर्ट ट्रस्ट, पारादीप पोर्ट ट्रस्ट, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट, न्यू मैंगलोर पोर्ट ट्रस्ट, कट्टुपल्ली पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, कृष्णपट्नम पोर्ट, एन्नोर पोर्ट लिमिटेड, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट, हल्दिया, कोचिन पोर्ट ट्रस्ट के साथ अनुबंध हस्ताक्षरित किए गए हैं।

अन्य परियोजनाएं:

द्वारका, दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेन्शन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी):

- मंत्रिमंडल ने अपनी सहमति दे दी है और परियोजना के मार्गदर्शन हेतु प्रोजेक्ट स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया है;
- परियोजना के लिए इंडिया इंटरनेशनल कन्वेन्शन एंड एक्जीबिशन सेंटर लिमिटेड के नाम से एसपीवी बनाया गया है।
- डीआईपीपी द्वारा डीडीए से भूमि लेना शुरू हो गया है;
- विभिन्न परियोजना विकास गतिविधियों को करने के लिए प्रोग्राम मैनेजमेंट कन्सलटेंट के रूप में एईसीओएम को नियुक्त किया गया है;
- चरण 1 घटकों (2791 करोड़ रुपए) के विकास के लिए एलएंडटी को ईपीसी कांट्रेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है, जुलाई, 2019 तक कार्य की भौतिक प्रगति – 53.60%;
- डीएमआरसी ने 18 जुलाई, 2018 को भूमि मालिकों को बकाये का भुगतान कर शेष 0.1368 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया है।
- दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एएआई), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल), नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई), आदि जैसे भागीदारों के परामर्श से अन्य परियोजना संबंधी विकासात्मक गतिविधियां की जा रही है;
- एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के आईआईसीसी प्रोजेक्ट तक विस्तार हेतु डीएमआरसी के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है और निर्माण कार्य पूरे जोरों पर है;
- एएआई ने परियोजना के लिए प्रस्तावित भवन ऊंचाइयों पर "अनापत्ति प्रमाणपत्र" दे दिया है;
- दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने इमारत के नक्शे को अनुमोदन दे दिया है और दिल्ली फायर सर्विसेस ने चरण-1 विकास के लिए इमारत के नक्शे को अनापत्ति प्रमाणपत्र दे दिया है।
- एचवीपीएनएल एवं बीएसईएस राजधानी पॉवर लिमिटेड ने एचटी लाइनें जो साइट से गुजर रही थी, उन्हें हटाने का कार्य पूरा कर लिया है;
- परियोजना की प्रगति पर निगरानी के लिए नियमित रूप से समीक्षा बैठक की जा रही है;

- बोस्टन कन्सल्टिंग ग्रुप को व्यवसायीकरण, नियोजन एवं कर्षण परामर्शदाता के रूप में और आईडीओएम (स्पेन) एवं सीपी कुकरेजा आर्किटेक्ट्स के कॉन्सोर्टियम को प्रारंभिक इंजीनियरिंग एवं आर्किटेक्चर संबंधी परामर्शदाता नियुक्त किया गया है;
- कोरिया इंटरनेशनल एक्जीबिशन सेंटर एंड ईसेंग नेटवर्क कंपनी लिमिटेड के कॉन्सोर्टियम को एक्जीबिशन एवं कन्वेन्शन सेंटर के लिए परिचालक के रूप में नियुक्त किया गया है और परिचालन सेवा अनुबंध 20 वर्ष की अवधि का है;
- आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड को ऋण जुटाने के लिए वित्तीय परामर्शदाता के रूप नियुक्त किया गया है;
- शिलान्यास समारोह 20 सितंबर, 2018 को भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया।
- नेशनल कौंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटेरियल्स को "थर्ड पार्टी क्वालिटी एश्योरेंस एंड ऑडिट" (टीपीक्यूए) के लिए परामर्शदाता सेवाओं के लिए नियुक्त किया गया है;
- आईआईसीसी के निदेशक मंडल के अनुमोदन से एसबीआई के साथ 2150.16 करोड़ रुपए के आवधिक ऋण को अंतिम रूप दिया गया है।
- आईआईसीसी द्वारका की थोक बिजली आपूर्ति के लिए दिनांक 14 जनवरी, 2019 को बीएसईएस राजधानी पॉवर लिमिटेड (बीपीआरएल) एवं आईआईसीसी के बीच सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है।

<u>अन्य औद्योगिक गलियारे:</u>

क. चेन्नई बेंगलूरू इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (सीबीआईसी) प्रोजेक्ट:

- सभी गलियारों के लिए भावी योजना पूरी हो गई है और विकास के लिए तीन नोड्स की पहचान की गई है;
  i. कृष्णपट्नम, आंध्र प्रदेश;
  ii. तुमकुरू, कर्नाटक; और
  iii. पोन्नेरी, तमिलनाडु।

i. कृष्णपट्नम, आंध्र प्रदेश:

- शेयरहोल्डर एग्रीमेंट (एसएचए) और स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) निष्पादित किया गया है और 07 अगस्त, 2018 को 'एनआईसीडीआईटी कृष्णपटनम इंडस्ट्रियल सिटी डेवलेपमेंट लिमिटेड" नामक प्रोजेक्ट एसपीवी निगमित किया गया है।

- सक्रियण क्षेत्र (2500 एकड़) के लिए विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियों को अंतिम रूप दे दिया गया है और परियोजना प्रस्ताव को एनआईसीडीआईटी के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया है।
- पर्यावरण प्रभाव आंकलन के लिए परामर्शदाता सेवाएं हेतु एलएंडटी को लैटर ऑफ एवार्ड जारी कर दिया गया है;

ii. तुमकुरू, कर्नाटक:

- शेयरहोल्डर एग्रीमेंट (एसएचए) और स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) निष्पादित किया गया है और 01 नवंबर, 2018 को प्रोजेक्ट एसपीवी अर्थात सीबीआईसी तुमकुरू इंडस्ट्रियल टाऊनशिप लिमिटेड निगमित किया गया है।
- सक्रियण क्षेत्र (1736 एकड़) के लिए विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियों को अंतिम रूप दे दिया गया है और परियोजना प्रस्ताव को एनआईसीडीआईटी के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया है।

iii. पोन्नेरी, तमिलनाडु:

- तमिलनाडु में पोन्नेरी नोड के लिए राज्य सरकार ने शेयरहोल्डर एग्रीमेंट (एसएचए) और स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) को सहमति दे दी है। इसे एनआईसीडीआईटी के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया है।

ख. अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (एकेआईसी) प्रोजेक्ट:

- सभी गलियारों के लिए भावी योजना तैयार कर ली गई है और चरण-I के अंतर्गत विकास के लिए सात औद्योगिक विनिर्माण कलस्टरों (आईएमसी) की पहचान की गई है। ये आईएमसी राजपुरा-पटियाला (पंजाब), गोहाना (हरियाणा), प्राग-खुरपिया फार्म (उत्तराखंड), भाऊपुर (उत्तर प्रदेश), गमहरिया (बिहार), बरही (झारखंड) और रघुनाथपुर (पश्चिम बंगाल) है;
- सभी पहचाने गए आईएमसी के लिए कॉन्सेप्ट मास्टर प्लान को अंतिम रूप दे दिया गया है;
- राजपुरा-पटियाला (पंजाब), गोहाना (हरियाणा), प्राग-खुरपिया फार्म्स (उत्तराखंड), भाऊपुर (उत्तर प्रदेश), गमहरिया (बिहार), बरही (झारखंड) आईएमसी के लिए संबंधित राज्य सरकारें भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में है।

i. **रघुनाथपुर, पश्चिम बंगाल**

- राज्य सरकार के साथ शेयरहोल्डर एग्रीमेंट (एसएचए) और स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
- 2483 एकड़ भूमि पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के कब्जे में है
- विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियां प्रगति पर है;

डीएमआईसी प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्मार्ट शहरों के लिए पुरस्कार और सम्मान

धौलेरा स्मार्ट सिटी:

1. जियोस्पेटियल एक्सीलेंस एवार्ड, मार्च, 2016
2. बेंटले "बी इन्सपायर्ड", मार्च, 2016
3. आईजीबीसी ग्रीन सिटी रेटिंग "प्लेटिनम", सितंबर, 2016
4. बेस्ट सिटी फॉर इंटीग्रेटिड प्लानिंग, फरवरी, 2017
5. बेस्ट ग्रीन सिटी, फरवरी, 2017
6. बेस्ट इनोवेटिव ग्रीनफील्ड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप प्रोजेक्ट, फरवरी, 2019

औरिक स्मार्ट सिटी:

1. औरिक हॉल - सर्वश्रेष्ठ भवन और सर्वश्रेष्ठ आर्किटेक्चर के लिए 2017 टाइम्स नेशनल एवार्ड
2. 2018 नेशनल सेफ्टी कौंसिल अवसंरचना प्रोजेक्ट के लिए दूसरा स्थान 3.2 मिलियन सेफ मेनऑवर
3. ई-लैंड मैनेजमेंट प्रणाली के लिए 2018 स्कॉच ऑर्डर-ऑफ-मेरिट एवार्ड
4. सैन फ्रांसिसको में टेक्नोलोजी मेरिट : स्मार्ट सिटी के लिए पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के लिए 11 ईबीजे/सीसीबीजे एवार्ड

- **टेक्नोलोजी मेरिट: स्मार्ट सिटी:** औरिक (औरंगाबाद इंडस्ट्रियल सिटी) को भविष्य की एक स्मार्ट, हरित औद्योगिक शहर में बदलने के लिए विस्तारित औरंगाबाद इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, एकीकृत स्मार्ट प्रौद्योगिकियां और अगली पीढ़ी की अवसंरचना

वित्तीय परिणाम सार

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, ट्रस्ट के मेन कार्प्स और एडिशनल कार्प्स के लिए भारत सरकार द्वारा क्रमश: 998.52 करोड़ रुपए और 98.48 करोड़ रुपए जारी किए गए थे।

वित्तीय वर्ष के अंत में ट्रस्ट का वित्तीय सार निम्नानुसार है:

(रु करोड़ों मे)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2018-19 (लेखा परीक्षित)	वित्तीय वर्ष 2017-18 (लेखा परीक्षित)
कार्प्स/पूंजी निधि*	4740.06	3727.00
स्थायी परिसंपत्तियां	कुछ नहीं	कुछ नहीं
निवेश	4421.60	3473.62
चालू परिसंपत्तियां	318.51	253.51
चिन्हित निधि*	कुछ नहीं	कुछ नहीं
चालू दायित्वाएं	0.06	0.13
गैर-चालू दायित्वाएं	कुछ नहीं	कुछ नहीं
सकल आय	28.88	13.53
व्यय पर आय का आधिक्य/(कमी)	17.06	(1.59)

लेखा परीक्षक

ट्रस्ट डीड के परिच्छेद 13 के अनुसार, एनआईसीडीआईटी भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा लेखा परीक्षा के अधीन है।

भारत के राष्ट्रपति ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कर्तव्य, शक्तियां एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 20(1) के अंतर्गत वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए सीएंडएजी को एनआईसीडीआईटी की लेखा परीक्षा का कार्यभार सौंपा है।

वर्ष के दौरान, सीएंडएजी लेखा परीक्षा टीम ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए वार्षिक लेखों की लेखा परीक्षा और ट्रांसक्शन ऑडिट की है।

वित्त वर्ष 2018-19 के लिए एनआईसीडीआईटी के स्वीकृत वार्षिक खातों की लेखा परीक्षा सीएंडएजी द्वारा हो गयी है।

कर्मचारियों के ब्यौरे

वर्ष 2018-19 के दौरान एनआईसीडीआईटी में कोई कर्मचारी नहीं है।

ट्रस्ट डीड के परिच्छेट 8.5 के अनुसार, सचिव, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, डीएमआईसीडीसी लिमिटेड एनआईसीडीआईटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

आभार

ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सभी ट्रस्टियों को ट्रस्ट में उनके निरंतर समर्थन, सहयोग और योगदान के लिए अपना आभार प्रकट करते हैं।

कृते नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट
एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट

(के. संजय मूर्ति)
सीईओ एवं सदस्य सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 19 अगस्त, 2020

संख्या / No.

गोपनीय

भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग,
कार्यालय प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखापरीक्षा
एवं पदेन सदस्य, लेखापरीक्षा बोर्ड-1, नई दिल्ली
INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT,
OFFICE OF THE PRINCIPAL DIRECTOR OF COMMERCIAL
AUDIT & EX-OFFICIO MEMBER, AUDIT BOARD-1, New Delhi

दिनांक / Dated

सेवा में ,

सचिव,भारत सरकार ,
वाणिज्य एवं उधोग मत्रालय,
उधोग भवन,
नई दिल्ली

विषय- नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटशन ट्रस्ट (NICDIT) के वर्ष 2018-19 के वार्षिक लेखाओ पर भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन ।

महोदय,

मै इस पत्र के साथ नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटशन ट्रस्ट के वर्ष 2018-19 के प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति तथा उन पर पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संसद के पटल पर रखने के लिए अग्रेषित कर रही हूँ। कृपया यह सुनिश्चित किया जाए कि पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को संसद के दोनो सदनो के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले शासी निकाय (Governing body) को नियमानुसार अवश्य प्रस्तुत किया जाए।

संसद को प्रस्तुत कर दस्तावेजो की दो प्रतियाँ उस तिथि को दर्शाते हुए, जब वे संसद को प्रस्तुत किए गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक के कार्यालय को भेजी जाए।

भवदीया,

हस्ता0
(प्राची पाण्डेय)
प्रधान निदेशक

संख्या:- PDCA|ND|CHQ-D|27-17|19-20|928 दिनाँक:- 13 3.2020

प्रतिलिपि:

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नैशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटशन ट्रस्ट अध्यक्ष, कमरा संख्या-341 तीसरी मंजिल, होटल अशोक, नई दिल्ली-110021 को एक प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न की जा रही है।

प्राची 13.3.20
(प्राची पाण्डेय)
प्रधान निदेशक

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलिमेंटेशन ट्रस्ट के लेखों पर नियंत्रक एवं भारत के महालेखा परीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट

हमने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 20(1) जिसे वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामले विभाग (बजट प्रभाग) के दिनांक 1 सितंबर, 2014 के सुपुर्दगी पत्र सं. 1(27)-बी(आर)/2013 के साथ पढ़ा जाए, के अंतर्गत 31 मार्च, 2019 को नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलेपमेंट एंड इम्पलिमेंटेशन ट्रस्ट के संलग्न तुलन पत्र और उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखा/ प्राप्ति एवं भुगतान लेखा की लेखा परीक्षा की है। ये वित्तीय विवरण ट्रस्ट के दायित्व है। हमारा दायित्व हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर अपने विचार प्रकट करना है।

2. इस पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट में वर्गीकरण, सर्वश्रेष्ठ लेखांकन पद्धतियों, लेखांकन मानकों और प्रकटन शर्तों, आदि के साथ अनुरूपता के संबध में केवल लेखांकन उपचारों पर नियंत्रक एवं भारत के महालेखा परीक्षक की विवेचना शामिल है। वित्तीय लेन-देनों पर लेखा परीक्षा प्रेक्षण कानूनों, नियमों एवं विनियमों (औचित्य एवं नियमितता) के अनुपालन के संबंध में है और कुशलता-सह-प्रदर्शन पहलूओं, आदि, यदि कोई हो तो इसे निरीक्षण रिपोर्ट/सीएजी की लेखा परीक्षा में पृथक रिपोर्ट से दिखाया गया है।

3 हमने अपनी लेखा परीक्षा भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार की है। इन मानकों से अपेक्षा की जाती है कि हम उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षा का नियोजन तथा प्रदर्शन इस तरह करे कि ये वित्तीय विवरण किसी महत्वपूर्ण चूक से मुक्त हो। किसी लेखा परीक्षा में वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटनों को समर्थ करने वाले साक्ष्यों को जांच आधार पर परीक्षण करना है। किसी लेखा परीक्षा में उपयोग किए गए लेखांकन मानकों और प्रबंधन द्वारा तैयार महत्वपूर्ण प्राक्कलनों के आंकलन के साथ-साथ वित्तीय विवरणों पर समग्र प्रस्तुति का मूल्यांकन भी शामिल होता है। हम विश्वास करते हैं कि हमारी लेखा परीक्षा हमारे विचारों के लिए उचित आधार मुहैया कराती है।

4. हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के आधार पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

(i) हमने सभी सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारे ज्ञान और विश्वास से हमारी लेखा परीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक थे।

(ii) इस रिपोर्ट में देखे गए तुलन पत्र और आय एवं व्यय लेखा/प्राप्ति एवं भुगतान लेखा वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में बनाए गए हैं।

(iii) हमारे विचार में, लेखा बहियों की हमारी जांच से अभी तक यह प्रतीत होता है कि दिनांक 27 सितंबर, 2012 की न्यास विलेख की उपधारा 13.1 के अंतर्गत जैसा अपेक्षा की गई है नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलिमेंटेशन ट्रस्ट द्वारा लेखा बहियों और अन्य संबंधित रिकार्डों को उचित रूप से तरीके से बनाए रखा है।

(iv) हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि:

सहायता अनुदान

परियोजना कार्यान्वयन निधि और परियोजना विकास निधि के अंतर्गत सहायता अनुदान की स्थिति (प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार) निम्नलिखित है:

(करोड़ रुपए में)

विवरण	**परियोजना कार्यान्वयन निधि (पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के लिए)**	**परियोजना विकास निधि (परियोजना विकास गतिविधियों को पूरा करने के लिए)**
अथशेष	28.36	0.02
जोड़े: 2018-19 के दौरान प्राप्त अनुदान	998.52	98.48
जोड़े: 2018-19 के दौरान प्राप्त ब्याज	13.68	0.50
जोड़े: डीएमआईसीडीसी नीमराणा सोलर पॉवर कंपनी लिमिटेड द्वारा ऋण का पुनर्भुगतान	1.10	-
जोड़े: डीएमआईसीडीसी लॉजिस्टिक्स डाटा सर्विस लिमिटेड द्वारा ऋण का पुनर्भुगतान	6.00	-
जोड़े: आयकर रिफंड	6.36	2.04
जोड़े: प्रतिपूर्ति के लिए प्राप्त राशि	57.21	-
कुल उपलब्ध धनराशि	**1111.23**	**101.04**
घटाए:- उपयोग की गई धनराशि	1009.87	101.00
31.03.2018 को इतिशेष	101.36	0.04

(v) हम रिपोर्ट करते हैं कि इस रिपोर्ट द्वारा देखे गए तुलन पत्र और आय एवं व्यय लेखा/प्राप्ति एवं भुगतान लेखा, लेखा बहियों के अनुसार है।

(vi) हमारे विचार और हमारी सर्वोत्तम सूचना और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उल्लेखित वित्तीय विवरण जिसे लेखांकन नीतियों और लेखों पर नोट के साथ पढ़ा जाए,

भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार सत्य और उचित विचार प्रकट करते हैं;

a) अभी तक यह 31 मार्च, 2019 को नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलेपमैंट एंड इम्पलिमेंटेशन ट्रस्ट के तुलन-पत्र से संबंधित है और

b) अभी तक यह उसी तिथि पर समाप्त वर्ष के लिए आय की अधिशेष के आय एवं व्यय लेखा से संबंधित है।

कृते

नियंत्रक एवं भारत के महालेखा परीक्षक

स्थान: नई दिल्ली

दिनांक: 13 मार्च, 2020

(प्राची पाण्डेय)

प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखा परीक्षा

एवं पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड-I

नई दिल्ली

अनुलग्नक

(31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलेपमेंट एंड इम्पलिमेंटेशन ट्रस्ट के लेखों पर पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट हेतु)

1. **आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली**

   वर्ष 2018-19 के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा एक चार्टड एकाऊंटेंसी फर्म द्वारा की गई थी।

2. **आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता**

   आंतरिक नियंत्रण प्रणाली संगठन के आकार के अनुसार है।

3. **स्थायी परिसंपत्तियों के भौतिक सत्यापन की प्रणाली**

   ट्रस्ट के पास कोई स्थायी परिसंपत्ति नहीं है।

4. **वस्तुसूची के भौतिक सत्यापन की प्रणाली**

   ट्रस्ट के पास कोई वस्तुसूची नहीं है।

5. **सांविधिक बकायों के भुगतान में नियमितता**

   सामान्य रूप से ट्रस्ट नियमित रूप से सांविधिक बकायों का भुगतान करती है।

नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट
(पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड)

तुलन पत्र
31 मार्च, 2019 को

(राशि रुपए में)

विवरण	अनुसूची	2018-19	2017-18
कार्प्स / पूंजी निधि और देयताएं			
कार्प्स/पूंजी निधि	1	47,40,05,82,863	37,26,99,54,627
आरक्षित और अधिशेष	-	-	-
चिन्हित/ बंदोबस्त निधि	-	-	-
ऋण और उधार	-	-	-
चालू देयताएं और प्रावधान	2	5,72,110	12,67,341
जोड़		**47,40,11,54,973**	**37,27,12,21,968**
परिसंपत्तियां			
स्थायी परिसंपत्तियां	-	-	-
निवेश	3	44,21,60,25,101	34,73,61,72,881
चालू परिसंपत्तियां, ऋण, अग्रिम आदि	4	3,18,51,29,872	2,53,50,49,087
जोड़		**47,40,11,54,973**	**37,27,12,21,968**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	8		
आकस्मिक देयताएं और लेखों पर नोट	9		

उपर्युक्त उल्लेखित अनुसूचियां इस तुलन पत्र का भाग है।

नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट
के लिए और उनकी ओर से

(अल्केश कुमार शर्मा)
सीईओ एवं सदस्य सचिव

(गुरूप्रसाद मोहपात्रा)
अध्यक्ष

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 30 अगस्त, 2019

नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट
(पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड)

आय और व्यय लेखा
31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए

(राशि रुपए में)

विवरण	अनुसूची	2018-19	2017-18
आय			
अर्जित ब्याज	5	26,59,97,977	13,23,35,360
अन्य आय	6	2,27,55,993	29,79,496
जोड़ (क)		**28,87,53,970**	**13,53,14,856**
व्यय			
अन्य प्रशासनिक व्यय	7	11,81,25,734	15,12,06,393
जोड़ (ख)		**11,81,25,734**	**15,12,06,393**
आय का व्यय पर आधिक्य के बाद शेष (क-ख)		17,06,28,236	-1,58,91,537
अतिरिक्त कार्प्स को अंतरित		51,20,754	1,50,80,947
सामान्य आरक्षित निधि को/से अंतरित		-	-
अधिशेष/(कमी) होने के कारण मुख्य कार्प्स/ पूंजी निधि में अग्रेषित		**16,55,07,482**	**(3,09,72,484)**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	8		
आकस्मिक देयताएं और लेखों पर नोट	9		

उपर्युक्त उल्लेखित अनुसूचियां इस तुलन पत्र का भाग है।

नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट
के लिए और उनकी ओर से

(अल्केश कुमार शर्मा)
सीईओ एवं सदस्य सचिव

(गुरूप्रसाद मोहपात्रा)
अध्यक्ष

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 30 अगस्त, 2019

नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट
(पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड)

प्राप्ति और भुगतान
